M/s. SHANTA SERVICE STATION
Bharat Petroleum
Quality & Quantity
Powai Chowk, Behind Shreeram Cinema, Ulhasnagar-4.
Tel.: 0251-2584077
Pure for Sure

सिर्फ 2 रू.
ठाणे जिले का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
# दैनिक धनुषधारी
संस्थापक प्रधान संपादक स्व. श्री दिलीप जे. लालवानी

वर्ष-32, अंक 260, उल्हासनगर, रविवार 5 अक्टूबर 2025 ( पृष्ठ 6 )
Mob. No. 9325937797
E-mail Add.:- newsddd@gmail.com dailydhanushdhari@yahoo.com
Post Regd No.THC/111/2024-2026
RNI No. 68359/93,
dhanushdharinews | Dhanushdhari | DhanushdhariN | Website - www.dailydhanushdhari.com




## वालधुनी नदी में जींस धोने वाली इकाइयों से निकल रहा केमिकल युक्त पानी



अंबरनाथ (नि.स.)। अंबरनाथ शहर से सटी वालधुनी नदी को जोड़ने वाले एक नाले से दिनदहाड़े केमिकल युक्त सीवेज छोड़े जाने की एक गंभीर घटना शनिवार को सामने आई है। इस सीवेज के कारण नदी का पानी पीला हो गया है और इलाके में तेज गंध फैल गई है। यह तेज केमिकल युक्त सीवेज आसपास के इलाके में दुर्गंध फैलाकर नागरिकों को काफी परेशानी का कारण बन रहा है।

सामाजिक कार्यकर्ता दायमा द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, अंबरनाथ पूर्व के लोकनगरी इलाके के श्मशान घाट, गोविंद पूल और शिवगंगा नगर इलाकों के नालों में यह केमिकल युक्त पानी छोड़ा जा रहा है। निवासियों का आरोप है कि लोकनगरी इलाके में स्थित सात से आठ जींस धोने वाली इकाइयों से यह सीवेज बार-बार बिना किसी उपचार

### कंपनियों के खिलाफ सख्त मामला दर्ज करने की मांग

के सीधे नाले में छोड़ा जाता है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीसीबी) लगातार जींस धोने वाली इकाइयों और केमिकल कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। लेकिन इन कंपनियाँ पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही हैं परिणामस्वरूप ये कंपनियां नदी में रसायन युक्त अपशिष्ट जल छोड़ रही हैं, जिससे नदी का प्रदूषण काफ़ी बढ़ गया है। बार-बार हो रहे इस प्रदूषण को देखते हुए, नागरिकों और पर्यावरणविदों ने अब ऐसी कंपनियों के खिलाफ़ कड़े और कठोर मुकदमे दर्ज करके उन्हें हमेशा के लिए बंद करने की माँग की है। उनका कहना है कि जब तक कड़े कदम नहीं उठाए जाते, नदियों और नहरों में अपशिष्ट जल छोड़ने का सिलसिला नहीं रुकेगा।

### बॉम्बे हाईकोर्ट ने दी सख्त चेतावनी

## अब बिना अनुमति के नहीं लगाए जा सकेंगे होर्डिंग्स

### - अधिकारियों के खिलाफ होगी विभागीय जांच, -राज्य के मनपा प्रशासन को हाई कोर्ट की फटकार

उल्हासनगर/मुंबई (नि.स.)। अवैध होर्डिंग्स का समर्थन करने वाले महानगरपालिका अधिकारियों पर अब कार्रवाई होगी। बॉम्बे हाईकोर्ट ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि अगर होर्डिंग्स के खिलाफ शिकायतों को नजरअंदाज किया गया तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सीधे विभागीय जांच के आदेश दिए जाएंगे। शुक्रवार को न्यायमूर्ति रेवती मोहिते-डेरे और न्यायमूर्ति संदेश पाटिल की पीठ ने शहरों की छवि बिगाड़ रहे अनधिकृत और अवैध होर्डिंग्स के गंभीर मुद्दे पर राज्य भर के मनपा प्रशासन को फटकार लगाई।

अदालत ने कहा कि ऐसी हरकतें अब बर्दाश्त नहीं की जाएंगी और संबंधित अधिकारियों से तत्काल कार्रवाई की उम्मीद है। हाईकोर्ट ने कहा है कि अवैध होर्डिंग्स के जरिए शहरों की छवि बिगाड़ने वालों में राजनीतिक दल सबसे आगे हैं। उसने स्पष्ट आदेश दिया है कि राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त अधिकारियों की अनुमति के बिना कोई भी बैनर या होर्डिंग्स नहीं लगाए जाने चाहिए। इसके साथ ही, प्रत्येक राजनीतिक दल को बॉम्बे हाईकोर्ट में ऐसा आश्वासन देते हुए एक हलफनामा पेश करना अनिवार्य है। इस मामले में सभी राजनीतिक दलों को प्रतिवादी बनाया गया है और राजनीतिक दलों को हलफनामा दाखिल करने के लिए एक महीने का समय दिया गया है। दरअसल राज्य भर के विभिन्न शहरों में लगभग सभी राजनीतिक दल बड़ी संख्या में अनधिकृत और अवैध होर्डिंग्स लगा रहे हैं, जिससे शहरों की छवि खराब होने का गंभीर आरोप लग रहा है। इस संबंध में, सुस्वराज्य फाउंडेशन और कुछ अन्य व्यक्तियों व संगठनों की ओर से बॉम्बे हाई कोर्ट में जनहित याचिकाएँ दायर की गई हैं। इन याचिकाओं में शहरों के सार्वजनिक स्थानों पर अवैध राजनीतिक विज्ञापनों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। इन सभी याचिकाओं पर शुक्रवार को न्यायमूर्ति रेवती मोहिते-डेरे और न्यायमूर्ति संदेश पाटिल की पीठ के समक्ष सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान, पीठ ने एक बार फिर अवैध होर्डिंग्स की बढ़ती संख्या पर नाराजगी जताई और राज्य सरकार से स्पष्ट जवाब माँगा। साथ ही, न्यायालय ने स्पष्ट किया कि अब से ऐसी अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अपेक्षित है।

वहीं राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता डॉ. बीरेंद्र सराफ ने बॉम्बे हाई कोर्ट को सूचित किया कि अनधिकृत होर्डिंग्स पर अंकुश लगाने के लिए विभिन्न उपाय लागू किए जा रहे हैं। इन उपायों से संबंधित सुझाव न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए गए हैं। मुंबई के प्रत्येक वार्ड में अनधिकृत बैनर और होर्डिंग्स हटाने के लिए विशेष निरीक्षक नियुक्त किए गए हैं। साथ ही, सरकार ने आदेश जारी किए हैं कि मनपा, नगर परिषद और जिला परिषद हर प्रभाग स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त करें ताकि अदालती आदेशों का पालन सुनिश्चित हो सके। इस पर अदालत ने सवाल उठाया कि अगर ये नोडल अधिकारी अपने कर्तव्यों से बच रहे हैं, तो उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की जाएगी? ऐसे गैर-जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जाँच ज़रूरी बताते हुए, हाईकोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 15 अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दी।

## सात-आठ युवकों ने आधी रात को जमकर उत्पात मचाया



उल्हासनगर (नि.स.)। आए दिन उल्हासनगर में सड़कों पर असामाजिक तत्वों द्वारा उत्पात मचाने की ख़बरें सामने आती रहती है। एक बार फिर ऐसी ही खबर कैंप पांच के वीर तानाजी नगर में सामने आई है जब वहां करीब आठ युवकों ने आधी रात को जमकर उत्पात मचाते हुए भय का माहौल बना दिया। बताया गया है कि सात से आठ युवकों ने धारदार हथियार और कट्टे लेकर सड़कों पर जमकर आतंक मचाया। इन आरोपियों ने हवा में हथियार लहराते हुए वहां खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ की और लोगों के साथ गाली गलौच की। हिल लाइन पुलिस ने दहशत फैलाने वालों के खिलाफ़ मामला दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार दो अक्तूबर को देर रात करीब पौने तीन बजे कैंप पांच, सेक्शन 40 स्थित वीर तानाजी नगर में आरपीआई कार्यालय के सामने मैदान में ऋषिकेश खरात उर्फ विलेन, प्रतिक उर्फ़ भूरया, रोशन सालवे, अनिकेत खरात तथा उनके तीन-चार साथियों ने हाथों में कट्टे और धारदार हथियार लेकर वहाँ पहुंचे और वहां जमकर उत्पात मचाया। वहां खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ करते हुए स्थानीय लोगों को अपशब्दों का प्रयोग और धमकियों दीं। इतना ही नहीं उन्होंने अपने धारदार हथियारों तथा कट्टे को हवा में लहराते हुए लोगों को चेतावनी देते हुए कहा कि हमसे पंगा नहीं लेने का, नहीं तो काट देंगे, यह कहते हुए इलाके में दहशत फैलाई। इसके बाद सभी आरोपी अपनी मोटरसाइकिल से वहाँ से भाग गए। इस घटना के बाद एक रिक्शा चालक सुनील हरी टांक ने हिल लाइन पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ़ मामला दर्ज किया है। आगे की जांच पुलिस उप निरीक्षक धुमाल कर रहे हैं।

## उच्च-तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांत पाटील के हाथों एसएसटी महाविद्यालय के समाधान बागुल का सम्मान





उल्हासनगर/पुणे (नि.स.)। महाराष्ट्र शासन के पर्यावरण विभाग द्वारा जलसंरक्षण और जल प्रबंधन विषय पर आयोजित राज्यस्तरीय पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में उल्हासनगर के एसएसटी महाविद्यालय के ग्रीन क्लब के स्वयंसेवक समाधान बागुल ने ठाणे जिले से प्रथम स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता हासिल की। ऑक्काडॅम, सीईई और महाराष्ट्र राज्य उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयास से आयोजित इस प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन पुणे स्थित सीओईपी महाविद्यालय में किया गया। इस अवसर पर उच्च और तकनीकी शिक्षा मंत्री मा. चंद्रकांत दादा पाटील के शुभहस्ते समाधान बागुल को पुरस्कार प्रदान किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य जल संरक्षण का महत्व और जल संसाधनों के संरक्षण के प्रति जनजागृति फैलाना था।

एसएसटी महाविद्यालय के ग्रीन क्लब ने इस पहल में उत्साहपूर्वक भाग लेकर विद्यार्थियों को जल संरक्षण के लिए नवाचारी विचार प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस गर्वपूर्ण उपलब्धि पर संस्थापक प्राचार्य डॉ. पुरस्वानी, आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. खुशबू पुरस्वानी, महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, कर्मचारी और विद्यार्थी ग्रीन क्लब और समाधान बागुल को हार्दिक बधाई दी। पुरस्कार वितरण के समय समाधान के साथ महाविद्यालय के ग्रीन क्लब की समन्वयिका प्रा. नम्रता सिंह और सदस्य प्रा. सचिन फालके भी उपस्थित थे और इस अवसर पर उनका भी सम्मान किया गया।

### अंबरनाथ के मिराज सिनेमा हॉल को मनसे ने दी चेतावनी

## मराठी फिल्मों को स्क्रीन दी जाए, वरना सिनेमा घर 'तोड़' देंगे!





अंबरनाथ (नि.स.)। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) ने अंबरनाथ के मिराज सिनेमा प्रबंधन को सीधी चेतावनी दी है कि मराठी फिल्मों को तुरंत स्क्रीन दी जाए, वरना सिनेमा घर को 'तोड़' देंगे। दरअसल कोंकण की खूबसूरती पर आधारित मराठी फिल्म 'छबी' के प्रदर्शन पर अचानक रोक लगने के बाद मनसे ने यह आक्रामक रुख अपनाया है। मराठी फिल्म 'छबी' हाल ही में रिलीज़ हुई है और मुंबई व महाराष्ट्र के अन्य स्थानों पर इसका प्रदर्शन सुचारू रूप से चल रहा है। लेकिन अंबरनाथ के मिराज सिनेमा हॉल में फिल्म का प्रदर्शन अचानक रोक दिया गया। इस फिल्म के निर्माता, कलाकार और अन्य टीम बुधवार (2 अक्टूबर) को अंबरनाथ स्पोर्ट्स क्लब के नवरात्रि उत्सव में शामिल होने आए थे। इस दौरान उन्होंने फिल्म के प्रदर्शन पर रोक लगाने का मामला मनसे शहर अध्यक्ष शैलेश शिर्के के ध्यान में लाया।

फिल्म टीम से जानकारी मिलने के बाद, मनसे के शहर अध्यक्ष शैलेश शिर्के के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने शुक्रवार को मिराज सिनेमा के प्रबंधकों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने फिल्म के लिए तुरंत स्क्रीन उपलब्ध कराने की पुरजोर मांग की। मनसे ने साफ कर दिया है कि मराठी फिल्मों के प्रति किसी भी तरह की दुश्मनी या उन्हें पर्याप्त शो न दिए जाने को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मनसे पदाधिकारियों ने मिराज सिनेमा प्रबंधन को सीधे तौर पर चेतावनी दी है कि अगर मराठी फिल्मों के प्रति किसी भी तरह की दुश्मनी हुई तो सिनेमा घर को तोड़ दिया जाएगा। मनसे के इस आक्रामक रुख से अंबरनाथ में तनाव का माहौल बन गया है और अब सिनेमा प्रबंधन क्या भूमिका अपनाता है, इस पर सबकी नजर है।


## प्रसिद्ध आर्किटेक्ट अमर जग्यासी चुनावी मैदान में उतरने को तैयार


-:- जन्मदिवस विशेष -:-



उल्हासनगर के जाने-माने आर्किटेक्ट और समाजसेवक अमर जग्यासी का आज 5 अक्टूबर को जन्मदिन है। अपने व्यावसायिक जीवन में उन्होंने न केवल एक सफल आर्किटेक्ट के रूप में पहचान बनाई है, बल्कि समाजसेवा के क्षेत्र में भी सक्रिय भूमिका निभाई है। वर्षों से वे शहर के विकास से जुड़े कई मुद्दों पर सजग रहे हैं और हमेशा सकारात्मक पहल की है। अब उन्होंने शहर की वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए मनपा चुनाव के मैदान में उतरने का निर्णय लिया है। उल्हासनगर मनपा चुनाव, जो आने वाले कुछ ही महीनों में होने की संभावना है, उसमें पैनल क्रमांक 15 और 16 में अमर जग्यासी की मजबूत भूमिका रहने जा रही है। श्री जग्यासी का मानना है कि राजनीति में पढ़े-लिखे और जानकार लोगों का आना बेहद जरूरी है। उनके अनुसार, अगर शिक्षित और प्रोफेशनल वर्ग राजनीति में आगे आता है, तो शहर की समस्याओं का समाधान अधिक योजनाबद्ध और स्थायी रूप से किया जा सकता है।

अपने एक साक्षात्कार में उन्होंने बताया था कि आने वाले उल्हासनगर मनपा चुनाव में वे स्वयं और उनके परिवार के एक-दो सदस्य भी चुनावी मैदान में उतर सकते हैं। उनका यह कदम शहर की स्थिति सुधारने और जनहित में नये विचार लाने की दिशा में एक सकारात्मक प्रयास है। बात करें अमर जग्यासी के राजनीतिक सफर की तो वर्ष 2012 में वे पहली बार चुनावी मैदान में उतरे थे, जब उन्होंने पैनल क्रमांक 15 से चुनाव लड़ा था। पहली बार उम्मीदवार होने के बावजूद उन्हें 1600 से अधिक वोट मिले थे, जो जनता के भरोसे का प्रतीक था। आज, एक अनुभवी और सम्मानित व्यक्तित्व के रूप में उन्हें हर राजनीतिक पक्ष से प्रस्ताव मिल रहे हैं। उन्होंने अपनी प्राथमिकताएँ साफ रखी हैं। पैनल की समस्याओं का समाधान करना और शहर के ज्वलंत मुद्दों पर काम करना। आर्किटेक्ट अमर जग्यासी के सक्रिय राजनीति में उतरने के निर्णय का शहर के प्रोफेशनल्स और कई नागरिकों ने स्वागत किया है। बहरहाल, आज उनके जन्मदिन के अवसर पर दैनिक 'धनुषधारी' परिवार उन्हें हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना करता है।




## फर्जी कंपनी बनाकर 1.85 करोड़ रुपए की जीएसटी रिफंड ठगी, मामला दर्ज

उल्हासनगर (नि.स.)। एक शख्स द्वारा फर्जी कंपनी बनाकर जीएसटी कार्यालय से लाखों रुपया जीएसटी लेकर सरकार के राजस्व की चोरी करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार राज्य कर निरीक्षक अनिल नारायण चव्हाण (35) ने उल्हासनगर के नरेश याकूब आठवले के खिलाफ मध्यवर्ती पुलिस थाना में धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज करवाई है।

अपनी शिकायत में उन्होंने पुलिस को बताया कि नरेश ने उल्हासनगर के कैंप तीन, पंजाबी कॉलोनी में संतोषी माता मंदिर के पास, एटीपी स्कूल के सामने मे. स्पलश ट्रेडर्स नाम का फार्म बनाकर फर्जी कागजात बनाकर सरकार के पास जमा किया और कर वापस मिलने का सारा हथकंडा अपनाते हुए जीएसटी कार्यालय से अपने फार्म का रजिस्ट्रेशन करवाकर फर्जी बिल के आधार पर खरीद बिक्री दिखाते हुए 19 जनवरी 2018 से 27 अप्रैल 2019 के बीच 1 करोड़ 85 लाख 88 हजार 851 रुपया जीएसटी कार्यालय से मंजूर करवाकर अपने बैंक ऑफ महाराष्ट्र के खाते में जमा कर सरकार के राजस्व को नुकसान पहुंचाया। बहरहाल आगे की जाँच सहायक पुलिस निरीक्षक विधा पाटिल (आर्थिक अपराध शाखा, ठाणे) कर रही हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी के हाथों नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पहले चरण का उद्घाटन 8 अक्टूबर को



नवी मुंबई (सनी पांडेय)। बहुप्रतीक्षित नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पहले चरण का उद्घाटन 8 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे. दोपहर 2.40 बजे एयरपोर्ट पर लैंड करने के बाद, पीएम मोदी एयरपोर्ट का निरीक्षण करेंगे और उद्घाटन के बाद एक जनसभा को संबोधित करेंगे। सिडको के प्रबंध निदेशक विजय सिंघल ने बताया कि 1160 एकड़ में फैले इस एयरपोर्ट पर कुल चार टर्मिनल और दो समानांतर रनवे होंगे, जिनमें से फिलहाल एक रनवे का काम पूरा हो चुका है. पहले चरण को पूरा करने में लगभग 19,647 करोड़ की लागत आई है और पूरे एयरपोर्ट के निर्माण में अनुमानित तौर पर 1 लाख करोड़ रूपये खर्च होने की संभावना है।

### ◆ प्रमुख विशेषताएँ और क्षमता

- यात्री क्षमता- पहले चरण में एयरपोर्ट की सालाना क्षमता 2 करोड़ यात्रियों होगी, जो पूर्ण संचालन के बाद 9 करोड़ हो जाएगी।
- कार्गो क्षमता- कार्गो विमानों के लिए प्रारंभिक सालाना क्षमता 0.8 मीट्रिक टन है, जो पूर्ण होने पर 10 लाख मीट्रिक टन तक होगी।
- उड़ानें- दिसंबर महीने से एयरपोर्ट से राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय और कार्गो उड़ानें शुरू हो सकेंगी।
- आधुनिक डिजाइन- सभी चार टर्मिनल एक-दूसरे से जुड़े होंगे और यात्री ऑटोमेटेड पीपल मूवर्स का उपयोग करके टर्मिनल के अंदर ही एक से दूसरे तक जा सकेंगे।
- पर्यावरण-अनुकूल पहल- यह एयरपोर्ट सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल इकट्ठा करने की व्यवस्था करेगा और 47 मेगावाट बिजली सौर ऊर्जा से बनाएगा. परिसर में सभी बसें इलेक्ट्रिक होंगी।
- सुरक्षा और पार्किंग- एयरपोर्ट की सुरक्षा की जिम्मेदारी सीआईएसएफ को सौंपी जाएगी. यहाँ 1400 वाहनों के लिए पार्किंग और 350 एयरक्राफ्ट पार्क करने की सुविधा होगी।
- टेक्नोलॉजी- भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (आईई) का उपयोग किया जाएगा. यात्रियों के सामान की ट्रैकिंग के लिए वन ऐप भी बनाया गया है।
- रोजगार- शुरुआती चरण में लगभग 15,000 लोगों को और पूर्ण संचालन के बाद 1 लाख लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है।

### ◆ परिचालन में लगेगा समय

सिडको एमडी ने स्पष्ट किया कि उद्घाटन के तुरंत बाद एयरपोर्ट का व्यावसायिक परिचालन शुरू नहीं होगा. उद्घाटन के बाद इसे सुरक्षा के लिए सीआईएसएफ को सौंपा जाएगा, जिसे सुरक्षा व्यवस्था स्थापित करने में डेढ़ से दो महीने का समय लगेगा।

संपादकीय

# एशिया कप : बिन ट्रॉफी की जीत!

भारत ने एशिया क्रिकेट का कप का फाइनल शुरूआती लड़खड़ाती पारी के साथ जीत भले लिया हो, लेकिन टीम इंडिया पाकिस्तान के चलते विवादों के कारण बिना ट्राफी के ही स्वदेश लौट रही है। एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी उसे अपने साथ पाकिस्तान ले गए हैं। ऐसे में इस बिन ट्रॉफी की जीत के क्या मायने हैं? बताया जाता है कि मोहसिन चाहते थे कि विजेता टीम उन्हीं के हाथों ट्रॉफी ग्रहण करे, लेकिन भारतीय टीम ने किसी भी पाक पदाधिकारी के हाथों ट्रॉफी लेने से इंकार कर दिया। परिणामस्वरूप यह पहला अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट होगा, जिसमें विजेता टीम बिना ट्रॉफी के फोटो खिंचवाती रही। इस बात की सुगबुगाहट पहले से थी कि फाइनल में भारत ने पाकिस्तान को हराया तो टीम इंडिया जीत की ट्रॉफी एसीसी के अध्यरक्ष व पाकिस्तान में मंत्री मोहसिन नकवी के हाथों से नहीं लेगी। यही हुआ भी। इस निर्णय से भारतीय टीम की इज्जत बढ़ी या घटी और इस रवैये का अंतरराष्ट्रीय खेल जगत में सकारात्मक संदेश गया या नकारात्मक, यह बड़ा सवाल है। क्रिकेट जैसे खेल पर भारत-पाकिस्तान के बीच राजनीतिक और भौगोलिक विवादों की काली छाया पहले से पड़ती दिख रही थी। भारत इसे पहलगाम हमले के बाद हुए ऑपरेशन सिंदूर 2.0 के रूप में देख रहा है तो पाकिस्तान की नजर में रवैया खेल भावना के हिसाब से अनैतिक है। बकौल मोहसिन नकवी ऑपरेशन सिंदूर में अपनी नाकामी छुपाने के लिए भारत सरकार ने खिलाड़ियों पर दबाव बनाया कि वो जीत के बाद भी न तो पाक खिलाड़ियों से हाथ मिलाएं और न ही नकवी के हाथों ट्रॉफी लें। वैसे भी नकरी विवादास्पद बयान देते रहते हैं। उधर भारत का तर्क है कि उसने पाक के साथ मैच सिर्फ खेल भावना का सम्मान करने के लिए खेले हैं और तीनों मैचों में उसे तगड़ी मात दी है। आखिरी और फाइनल मैच में शुरू में भारत की पारी लड़खड़ाती दिखी। लेकिन तिलक वर्मा जैसे खिलाड़ी ने मोर्चा संभाला और उसे जीत की कगार तक पहुंचादिया। नतीजतन भारत ने पांच विकेट से जीत हासिलकर पाक के अरमानों को धूल में मिला दिया। भारत की इस जीत पर पूरा देश झूम उठा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे क्रिकेट के मैदान का ऑपरेशन सिंदूर बताया।

मैच में पाकिस्तान का 147 रनों का लक्ष्य भारत ने 19.4 ओवर में पाँच विकेट खोकर हासिल किया। लेकिन भारत की जीत से ज़्यादा चर्चा इस बात की हुई कि भारतीय खिलाड़ी मंच पर ट्रॉफ़ी लेने नहीं पहुँचे। जीत के तुरंत बाद होने वाला पुरस्कार वितरण समारोह करीब एक घंटे देर से शुरू हुआ। इस दौरान प्रसारण में पूर्व न्यूज़ीलैंड ऑलराउंडर साइमन डूल ने घोषणा की कि भारतीय टीम न तो पुरस्कार समारोह में हिस्सा लेगी और न ही ट्रॉफ़ी उठाएगी। इसके बाद बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने पुष्टि की कि भारतीय खिलाड़ियों ने एसीसी अध्यक्ष मोहसिन नक़वी से ट्रॉफ़ी स्वीकार नहीं करने का फ़ैसला लिया है। इसी कारण विजेता टीम मंच पर नहीं आई और ट्रॉफ़ी कप्तान को नहीं दी गई। जबकि तिलक वर्मा (मैन ऑफ द मैच), अभिषेक शर्मा (मैन ऑफ द टूर्नामेंट) और कुलदीप यादव (एमवीपी) अपने-अपने व्यक्तिगत पुरस्कार लेने के लिए मंच पर पहुँचे। अब सवाल यह है कि क्या भारत का रवैया इस मामले में सही था या नहीं? आलोचकों का तर्क है कि जब हमने भारत से हर स्तर पर रिश्ते तोड़? लिए तो फिर उसके साथ क्रिकेट खेलने का क्या मतलब है? साथ ही नकवी अगर ट्रॉफी अपने साथ ले गए हैं तो यह भी गलत है। आईसीसी इस मामले में क्या एक्शन लेती है, यह देखने की बात है।

संपादक,टीकम लालवानी

# लोकप्रियता और राजनीति की बेरहम कीमत

**हाल ही में तमिलनाडु में अभिनेता विजय की रैली में हुई भगदड़ इसका ताजा और दर्दनाक उदाहरण है। रैली उस स्थल पर आयोजित की गई थी जिसकी क्षमता से कई गुना अधिक लोग उपस्थित हुए। माहौल अचानक बेकाबू हो गया और भगदड़ में कई निर्दोष लोग मारे गए। सवाल उठता है कि जब स्थल की क्षमता सीमित थी, तो इतनी भीड़ को एक साथ प्रवेश कैसे दिया गया? यह प्रशासन और आयोजन प्रबंधन की नाकामी का स्पष्ट संकेत है। यह घटना केवल तमिलनाडु तक सीमित नहीं है। यह पूरे देश की सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाती है। आयोजक केवल भीड़ जुटाकर अपनी ताकत दिखाने में लगे रहते हैं, लेकिन जनता की सुरक्षा को हाशिए पर डाल देते हैं। राजनीतिक रैलियां हों, धार्मिक आयोजन हों या फिल्मी सितारों के कार्यक्रम - हर जगह अनियंत्रित भीड़ का उन्माद देखने को मिलता है।**

**मुनीष भाटिया**

भारत में रैलियों, राजनीतिक सभाओं और बड़े सार्वजनिक आयोजनों में भीड़ प्रबंधन की लगातार अनदेखी कई बार जानलेवा साबित हुई है। सत्ता और लोकप्रियता के प्रदर्शन की लालसा में आयोजक अक्सर हजारों-लाखों लोगों को एक साथ जुटाने पर जोर देते हैं, लेकिन सुरक्षा और व्यवस्था सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी से आंखें मूंद लेते हैं। नतीजा यह होता है कि अनियंत्रित भीड़ का उन्माद निर्दोष ज़िंदगियों को निगल जाता है। लोकतंत्र में जनता की सुरक्षा सर्वोपरि होनी चाहिए, लेकिन वास्तविकता यह है कि राजनीतिक लालसा की बेरहम कीमत अक्सर आम नागरिक अपनी जान देकर चुकाते हैं।

हाल ही में तमिलनाडु में अभिनेता विजय की रैली में हुई भगदड़ इसका ताजा और दर्दनाक उदाहरण है। रैली उस स्थल पर आयोजित की गई थी जिसकी क्षमता से कई गुना अधिक लोग उपस्थित हुए। माहौल अचानक बेकाबू हो गया और भगदड़ में कई निर्दोष लोग मारे गए। सवाल उठता है कि जब स्थल की क्षमता सीमित थी, तो इतनी भीड़ को एक साथ प्रवेश कैसे दिया गया? यह प्रशासन और आयोजन प्रबंधन की नाकामी का स्पष्ट संकेत है।यह घटना केवल तमिलनाडु तक सीमित नहीं है। यह पूरे देश की सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाती है। आयोजक केवल भीड़ जुटाकर अपनी ताकत दिखाने में लगे रहते हैं, लेकिन जनता की सुरक्षा को हाशिए पर डाल देते हैं। राजनीतिक रैलियां हों, धार्मिक आयोजन हों या फिल्मी सितारों के कार्यक्रम - हर जगह अनियंत्रित भीड़ का उन्माद देखने को मिलता है। कई बार देखा गया है कि किसी नेता की राजनीतिक महत्वाकांक्षा के लिए आम जनता की जान जोखिम में डाल दी जाती है। लोग नेता के आकर्षण और प्रचार के बहकावे में आकर रैलियों, जलसों और सभाओं में अंधभक्ति की तरह पहुंचते हैं, बिना यह समझे कि उनका



जीवन खतरे में है। अनियंत्रित भीड़ कभी-कभी इतनी असहनीय हो जाती है कि पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ता है, और कई बार खराब मौसम के बावजूद लोग रैली स्थल पर पहुँच जाते हैं, जिससे परिस्थितियाँ और भी खतरनाक हो जाती हैं। यह स्थिति सिर्फ नेताओं की राजनीति का परिणाम नहीं है, बल्कि यह दर्शाती है कि जनता की सुरक्षा और जीवन की कीमत राजनीति के सामने कितनी कमतर समझी जाती है।

भीड़ प्रबंधन केवल कागजों पर व्यवस्था करना नहीं है। यह एक वैज्ञानिक प्रक्रिया है, जिसमें आयोजन स्थल की क्षमता, आपातकालीन निकास, चिकित्सा सहायता, सुरक्षा बल की संख्या और प्रशिक्षित कर्मचारियों की तैनाती जैसे कई महत्वपूर्ण बिंदुओं को शामिल किया जाता है। दुर्भाग्य से, भारत में ये मानक अक्सर अनदेखे रह जाते हैं। आयोजक केवल बड़ी संख्या में लोगों को आकर्षित करने पर ध्यान देते हैं, जबकि सुरक्षा और व्यवस्था की जिम्मेदारी प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों के भरोसे छोड़ दी जाती है। इसका नतीजा समय-समय पर भगदड़ और मौत के रूप में सामने आता है। तमिलनाडु की रैली ने यह स्पष्ट कर दिया कि अगर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो छोटे आयोजनों से लेकर बड़े कार्यक्रमों तक कोई भी स्थल हादसे की चपेट में आ सकता है। विशेषज्ञ मानते हैं कि भीड़ का व्यवहार अनियमित और अप्रत्याशित हो सकता है, लेकिन इसके लिए वैज्ञानिक तैयारी और पूर्व-नियोजन से स्थिति को नियंत्रित किया जा सकता है।

भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा के लिए ठोस कदम जरूरी हैं। इसके अंतर्गत हर राज्य सरकार को बड़े आयोजनों के लिए स्पष्ट भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा मानक तय करने चाहिए, ताकि स्थल की क्षमता से अधिक लोगों को प्रवेश न मिले। आयोजनों से पहले प्रशासन द्वारा स्थान की क्षमता, सुरक्षा इंतजाम और आपातकालीन व्यवस्था की अनिवार्य समीक्षा होनी चाहिए, और अनुमति तभी दी जानी चाहिए जब सभी मानक पूरे हों। इसके साथ ही केवल सामान्य पुलिस बल की बजाय विशेष रूप से प्रशिक्षित सुरक्षा दल की तैनाती जरूरी है। हर आयोजन स्थल पर आपातकालीन निकास द्वार, एम्बुलेंस और मेडिकल टीम की व्यवस्था अनिवार्य होनी चाहिए। अगर किसी आयोजन में लापरवाही के कारण जनहानि होती है, तो आयोजकों और प्रशासन दोनों को कानूनी रूप से जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।

लोकतंत्र तभी मजबूत और जीवंत रहेगा जब जनता सुरक्षित महसूस करे। अगर जनता अपनी सुरक्षा के लिए लगातार जोखिम में रहे, तो लोकतंत्र का यह मूल सिद्धांत कमजोर पड़ जाता है।

तमिलनाडु की रैली जैसी घटनाएँ याद दिलाती हैं कि सुरक्षा और व्यवस्था पर ध्यान न देने का परिणाम भयावह हो सकता है। यह न केवल राजनीतिक या सामाजिक मुद्दा है, बल्कि आम नागरिक के जीवन का सवाल भी है।समाज और प्रशासन दोनों को यह समझना होगा कि भीड़ केवल राजनीतिक ताकत या लोकप्रियता का साधन नहीं है। इसे नियंत्रित करना और सुरक्षित बनाना हर आयोजनकर्ता की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। अगर यह जिम्मेदारी गंभीरता से नहीं ली गई, तो भविष्य में इसी तरह की त्रासदी देश के किसी और हिस्से में दोहराई जा सकती है।


तमिलनाडु की रैली की घटना हमारे सामने एक गहन चेतावनी प्रस्तुत करती है। यह दर्शाती है कि बड़े आयोजनों में सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण को गंभीरता से न लेने का परिणाम कितनी बड़ी त्रासदी में बदल सकता है। सरकार, प्रशासन और आयोजकों को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि भीड़ केवल राजनीतिक या सामाजिक प्रभाव के लिए नहीं, बल्कि सुरक्षित ढंग से प्रबंधित करने की प्राथमिक जिम्मेदारी समझी जाए।अगर समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो यह लापरवाही भविष्य में और भी जानलेवा हो सकती है। जनता की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बनाना आवश्यक है। लोकतंत्र तभी मजबूत और जीवंत रहेगा जब आम नागरिक सुरक्षित रहें और उनके जीवन की रक्षा की ज़िम्मेदारी किसी भी आयोजन में नजरअंदाज न की जाए।

अध्यात्म

## धन का सम्मान या दान का सम्मान

एक समय की बात है। एक नगर में एक कंजूस राजेश नामक व्यक्ति रहता था। उसकी कंजूसी सर्वप्रसिद्ध थी। वह खाने, पहनने तक में भी कंजूस था। एक बात उसके घर से एक कटोरी गुम हो गई। इसी कटोरी के दु:ख में राजेश ने 3 दिन तक कुछ न खाया। परिवार के सभी सदस्य उसकी कंजूसी से दुखी थे। मोहल्ले में उसकी कोई इज्जत न थी, क्योंकि वह किसी भी सामाजिक कार्य में दान नहीं करता था। एक बार उस राजेश के पड़ोस में धार्मिक कथा का आयोजन हुआ। वेदमंत्रों व् उपनिषदों पर आधारित कथा हो रही थी। राजेश को सद्बुद्धि आई तो वह भी कथा सुनने के लिए सत्संग में पहुँच गया। वेद के वैज्ञानिक सिद्धांतों को सुनकर उसको भी रस आने लगा क्योंकि वैदिक सिद्धान्त व्यावहारिक व् वास्तविकता पर आधारित एवं सत्य-असत्य का बोध कराने वाले होते है। कंजूस को और रस आने लगा। उसकी कोई कदर न करता फिर भी वह प्रतिदिन कथा में आने लगा। कथा के समाप्त होते ही वह सबसे पहले शंका पूछता। इस तरह उसकी रूचि बढती गई। वैदिक कथा के अंत में लंगर का आयोजन था इसलिए कथावाचक ने इसकी सूचना दी कि कल लंगर होगा। इसके लिए जो श्रद्धा से कुछ भी लाना चाहे या दान करना चाहे तो कर सकता है। अपनी-अपनी श्रद्धा के अनुसार सभी लोग कुछ न कुछ लाए। कंजूस के हृदय में जो श्रद्धा पैदा हुई वह भी एक गठरी बांध सर पर रखकर लाया। भीड़ काफी थी। कंजूस को देखकर उसे कोई भी आगे नहीं बढ़ने देता। इस प्रकार सभी दान देकर यथास्थान बैठ गए। अब कंजूस की बारी आई तो सभी लोग उसे देख रहे थे। कंजूस को विद्वान की ओर बढ़ता देख सभी को हंसी आ गई क्योंकि सभी को मालूम था कि यह महाकंजूस है। उसकी गठरी को देख लोग तरह-तरह के अनुमान लगाते ओर हँसते, लेकिन कंजूस को इसकी परवाह न थी। कंजूस ने आगे बढ़कर विद्वान ब्राह्मण को प्रणाम किया। जो गठरी अपने साथ लाया था, उसे उसके चरणों में रखकर खोला तो सभी लोगों की आँखें फटी-की-फटी रह गई। कंजूस के जीवन की जो भी अमूल्य संपत्ति गहने, जेवर, हीरे-जवाहरात आदि थे उसने सब कुछ को दान कर दिया। उठकर वह यथास्थान जाने लगा तो विद्वान ने कहा, 卐महाराज! आप वहाँ नहीं, यहाँ बैठिये।卐 कंजूस बोला, 卐पंडित जी! यह मेरा आदर नहीं है, यह तो मेरे धन का आदर है, अन्यथा मैं तो रोज आता था और यही पर बैठता था, तब मुझे कोई न पूछता था।卐 ब्राह्मण बोला, 卐नहीं, महाराज! यह आपके धन का आदर नहीं है, बल्कि आपके महान त्याग (दान) का आदर है। यह धन तो थोड़ी देर पहले आपके पास ही था, तब इतना आदर-सम्मान नहीं था जितना की अब आपके त्याग (दान) में है इसलिए आप आज से एक सम्मानित व्यक्ति बन गए है।

बिन्दु मिलाओ और कलर करो...



## वर्ग पहेली 5692



संकेत: बाएं से दाएं

1. महाराजा जयसिंह द्वितीय ने इस शहर की स्थापना 1727 के दिन की (4)
4. जो, अगर (2)
6. कमरा (अंग्रेजी)(2)
7. फिल्म बरसात से अपना सरगमी सफर शुरू करने वाली संगीतकार जोड़ी में से एक (निधन 12 सितंबर 1971)(5)
10. दस्तावेज लिखित, तहरीरी (3)
12. वर्जित, निषिद्ध, जो रोका गया हो (2)
13. प्राचीनकाल में मगध देश का राजा जो दो खंडों में उत्पन्न हुआ था (4)
16.आंकुशी (3)
17. घोड़े कीपीठ पर रखने की गद्दी (2)
18. गीत, तराना (उर्दू) (3)
19. प्रस्थिति, प्रेषिति (3)
20. रिक्त, खाली (2)
22. जल, आब, नीर (2)
23. स्वतंत्र, आजाद, उन्मुक्त (2)
24. नैन, चक्षु, आंख (3)


(ऊपर से नीचे

1. आवश्यकता, इच्छा (4)
2. एक अर्थालंकार जिसमें एक हीशब्द अनेक बार आकर उसके भिन्न-भिन्न अर्थ देता है (3)
3. धूल, गर्द, पराग के कण (2)
5. सूर्योदय से लेकर सूर्यास्त तक का समय, दिवस (2)
8. जुड़वा, अश्विनी कुमार (3)
9. तट, तीर, साहिल (3)
11. ट्रेजिडी क्वीन कहलाने वाली इस अभिनेत्री की अंतिम फिल्मों में से एक पाकीजा थी (5)
14. लक्ष्मण को जीवित करने के लिए हनुमान इस औषधि को लेकर आए थे, जीवन मूरी (4)
15. धन की इच्छा या कामना, राजा कृतवीर्य के पिता का नाम (3)
16. शरीर का अवयव, पक्ष (2)
18. प्रांत प्रशासक (उर्दू)(3)
19. कहा जाता है इस देश के साम्राज्य की स्थापना 6603 ई.पू.में सम्राट जिम्मू ने की थी (3)
21. संगीत में स्वरों का कलापूर्ण विस्तार (2)


### वर्ग पहेली 5691 का हल


| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| री | ता | फा | रि | या | | क | ल |
| ड | ल | | स | म | का | लि | क |
| र | | ला | वा | | ल | | क |
| | अ | प | ना | | का | र | ल |
| ग | ज | र | | मौ | | वि | |
| र | | वा | द | न | | शं | का |
| ज | वा | ह | र | | | क | म |
| ना | त | | मा | | ता | र | ना |

रास्ता खोजो...




Konark Enterprises Pvt. Ltd.
Reliance AUTHORISED DEALER
Fully Computerised Weigh Bridge 50 TON
100% Quality & Quantity
Reliance Petrol Pump, Near Sai baba Mandir, Ambarnath



आर्किटेक्ट व यूबीडीए सचिव
श्री अमर जग्यासी जी
को जन्म दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Birthday
-: शुभेच्छुक :-
श्री भरत गंगोत्री



उल्हासनगर शहर के प्रसिद्ध आर्किटेक्ट
श्री अमर जग्यासी जी
को जन्म दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
-: शुभेच्छुक :-
श्री प्रदीप रामचंदानी



उल्हासनगर शहर के प्रसिद्ध आर्किटेक्ट
श्री अमर जग्यासी जी
को जन्म दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
-: शुभेच्छुक :-
श्री प्रकाश कुकरेजा



मेरे छोटे भाई व प्रसिद्ध आर्किटेक्ट
श्री अमर जग्यासी जी
को जन्म दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Birthday
-: शुभेच्छुक :-
श्री लक्ष्मण कटारिया


उल्हासनगर शहर के प्रसिद्ध आर्किटेक्ट
श्री अमर जग्यासी जी
को जन्म दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
-: शुभेच्छुक :-
सीनियर आर्किटेक्ट
श्री भुलचंद सोनेसर



हमारे प्रिय दोस्त व आर्किटेक्ट
श्री अमर जग्यासी जी
को जन्म दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Birthday
-: शुभेच्छुक :-
श्री राजेन्द्र सावंत


उल्हासनगर शहर के प्रसिद्ध आर्किटेक्ट
श्री अमर जग्यासी जी
को जन्म दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Birthday
-: शुभेच्छुक :-
श्री भगवान भालेराव


उल्हासनगर शहर के प्रसिद्ध आर्किटेक्ट
श्री अमर जग्यासी जी
को जन्म दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
-: शुभेच्छुक :-
श्री दिनेश लहरानी


HAPPY BIRTHDAY
उल्हासनगर शहर के प्रसिद्ध आर्किटेक्ट
श्री अमर जग्यासी जी
को जन्म दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
-: शुभेच्छुक :-
श्री अमर लुण्ड
श्री शेरी लुण्ड


उल्हासनगर शहर के प्रसिद्ध आर्किटेक्ट
श्री अमर जग्यासी जी
को जन्म दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
-: शुभेच्छुक :-
श्री राजू जग्यासी
श्री रवि जग्यासी


उल्हासनगर शहर के प्रसिद्ध आर्किटेक्ट
श्री अमर जग्यासी जी
को जन्म दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Birthday
-: शुभेच्छुक :-
श्री वाशु कुकरेजा


उल्हासनगर शहर के प्रसिद्ध आर्किटेक्ट
श्री अमर जग्यासी जी
को जन्म दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
-: शुभेच्छुक :-
श्री उदय कुमार चौधरी


उल्हासनगर शहर के प्रसिद्ध आर्किटेक्ट
श्री अमर जग्यासी जी
को जन्म दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
OCTOBER 5
-: शुभेच्छुक :-
डॉ. गुंजन डोडवानी


उल्हासनगर शहर के प्रसिद्ध आर्किटेक्ट
श्री अमर जग्यासी जी
को जन्म दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
OCTOBER 5
-: शुभेच्छुक :-
डॉ. ललित चांडवानी



उल्हासनगर शहर के प्रसिद्ध आर्किटेक्ट
श्री अमर जग्यासी जी
को जन्म दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
OCTOBER 5
श्री हरेश इदनानी
श्री जीवन इदनानी


उल्हासनगर शहर के प्रसिद्ध आर्किटेक्ट
श्री अमर जग्यासी जी
को जन्म दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
OCTOBER 5
-: शुभेच्छुक :-
श्री संजय कारिरा


उल्हासनगर शहर के प्रसिद्ध आर्किटेक्ट
श्री अमर जग्यासी जी
को जन्म दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
OCTOBER 5
-: शुभेच्छुक :-
श्री मोती आडवानी



Happy Birthday Dear PAPA
SHRI AMAR JAGIASI
OCTOBER 5
Shri KRINSH JAGIASI
Shri ANSHU JAGIASI


उल्हासनगर शहर के प्रसिद्ध आर्किटेक्ट
श्री अमर जग्यासी जी
को जन्म दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
-: शुभेच्छुक :-
श्री महेश माखीजा
श्री हरदास माखीजा


हमारे प्रिय दोस्त व आर्किटेक्ट
श्री अमर जग्यासी जी
को जन्म दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
-: शुभेच्छुक :-
श्री प्रीतम कुकरेजा


उल्हासनगर शहर के प्रसिद्ध आर्किटेक्ट
श्री अमर जग्यासी जी
को जन्म दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
-: शुभेच्छुक :-
श्री संजय घुगे
श्री बंडू देशमुख


उल्हासनगर शहर के प्रसिद्ध आर्किटेक्ट
श्री अमर जग्यासी जी
को जन्म दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
OCTOBER 5
-: शुभेच्छुक :-
श्री कमलेश सुतार
श्री अतुल देशमुख


उल्हासनगर शहर के प्रसिद्ध आर्किटेक्ट
श्री अमर जग्यासी जी
को जन्म दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
-: शुभेच्छुक :-
भाई साहब
विजय मसंद


Happy Birthday
Amar
Jagiasi Sir
05 Oct.
Best Wishes from - Team Implicit Engineers

# मंगल गोचर से बनेगा रुचक राजयोग, जानें किन-किन राशियों का होगा मंगल की मंगल

मंगल गोचर वृश्चिक राशि में 27 अक्चूबर को दोपर में 2 बजकर 44 मिनट पर होने जा रहा है। इस गोचर के साथ ही रुचक राजयोग भी प्रभावशाली हो जाएगा। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, मंगल को ग्रहों का सेनापति बताया गया है। मंगल इस समय अपनी स्वराशि वृश्चिक में गोचर करते हुए बेहद मजबूत स्थिति में रहेंगे। मंगल का गोचर आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी और आपको करियर में बेहद ही अच्छे परिणाम इस अवधि में मिलेंगे। मिथुन, कन्या सहित 5 राशियों को मंगल गोचर के बाद से बेहद ही लाभ मिलने के आसार हैं। आइए जानते हैं मंगल गोचर से किन किन राशियों को लाभ मिलेगा।मंगल का गोचर वृश्चिक राशि में हो रहा है। मंगल 27 अक्टूबर को वृश्चिक राशि में होने जा रहा है। अपनी स्वराशि वृश्चिक में मंगल बेहद ही मजबूत स्थिति में रहेंगे। ज्योतिष शास्त्र में मंगल को ग्रहों का सेनापति कहा गया है। मंगल एक अग्नि तत्व की राशि है। साथ ही पराक्रम का कारक ग्रह भी है। मंगल 27 अक्टूबर को दोपहर में 2 बजकर 44 मिनट पर वृश्चिक राशि में प्रवेश कर जाएंगे। इसी के साथ मंगल के अपनी स्वराशि वृश्चिक में गोचर करने से रुचक राजयोग प्रभावशाली हो जाएगा। मंगल के गोचर करने से मिथुन, वृश्चिक सहित 5 राशियों को अच्छा लाभ मिलने की उम्मीद है। इन राशियों के आत्मविश्वास में भी काफी बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। आइए जानते हैं मंगल गोचर से किन-किन राशियों का मंगल ही मंगल होगा। जानें मंगल गोचर से किन 5 राशियों को मिलेगा लाभ।



## मंगल गोचर 2025, मिथुन राशि मूल्यवान वस्तु की करेंगे खरीद

मिथुन राशि के लोगों के लिए मंगल का गोचर उनके छठे भाव में होने जा रहा है। इस अवधि में आपको कोई मूल्यवान वस्तु मिल सकती है। यह गोचर आपको सुख समृद्धि दिलाने वाला रहेगा। मंगल का प्रभाव से आपको अच्छा धन लाभ मिल सकता है। मंगल का गोचर आपके लिए हर तरह से सहायक साबित होगा। सेहत की बात करें तो सामान्य तौर पर यह आपके लिए अच्छा ही रहेगा। इस अवधि में आप अपने प्रतिस्पर्धियों से बेहतर करने में सफल रहेंगे। साथ ही आपके मान सम्मान में भी जमकर वृद्धि होगी। आपकी आमदनी में काफी बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है।

## मंगल गोचर 2025, कन्या राशि के आत्मविश्वास में होगी बढ़ोतरी

मंगल का गोचर कन्या राशिवालों के तीसरे भाव में होगा। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, मंगल का गोचर तीसरे भाव में बहुत ही अच्छा माना गया है। ऐसे में आपको बहुत ही अच्छा परिणाम मिलेंगे। मंगल आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी करेगा। साथ ही आत्मविश्वास के साथ किए गए कार्यों से आपको अच्छा धन लाभ मिल सकता है। इस अवधि में आप अपने शत्रुओं पर विजय प्राप्त कर लेंगे। साथ ही आपके प्रभाव में भी वृद्धि होगी। साथ ही मंगल गोचर के कारण आपको अच्छा समाचार मिल सकता है। देखा जाए तो आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा और आपके लिए यह गोचर बेहद फायदेमंद साबित होगा।

## मंगल गोचर 2025, वृश्चिक राशि समझदारी से मिलेगी सफलता


वृश्चिक राशि के लोगों के लिए मंगल का गोचर आपके पहले भाव में होने जा रहा है। वैसे तो पहले भाव में मंगल का गोचर अच्छा नहीं माना जाता है लेकिन, आपकी राशि पर बृहस्पति का प्रभाव होने के कारण मंगल के नकारात्मक प्रभाव में कमी आएगी। इस अवधि में आप समझदारी से काम करते हैं तो आपको सफलता मिलेगी। आपको धैर्य से अपने सभी काम करने होंगे तभी आपको सफलता मिल सकती है। इस दौरान अपने स्वास्थ्य को लेकर थोड़ा संभलकर रहना होगा।

## मंगल गोचर 2025, मकर राशि करीबी लोगों से मिलेगा सपोर्ट

मंगल का गोचर मकर राशि के लोगों के लाभ भाव में होने जा रहा है। इस भाव में मंगल की स्थिति बहुत ही अच्छी मानी गई है। ऐसे में मंगल का यह गोचर आमदनी में वृद्धि कराने वाला साबित होगा। बस आपके लिए बेहद जरूरी है कि आप अपने सभी काम पूरी ईमानदारी के साथ संपन्न करें। ऐसा करने से आपको अच्छा फायदा मिलेगा। व्यापारी वर्ग के लोगों को भी अच्छा लाभ मिलेगा। साथ ही नौकरीपेशा लोगों के लिए भी मंगल का गोचर करियर में नई संभावनाएं लेकर आने वाला है। भाइयों से संबंधित मामलों में आपको अच्छा परिणाम मिलेंगे। आपको अपने करीबी लोगों से पूरा सपोर्ट मिलेगा। साथ ही मित्रों से भी आपको अच्छा फायदा मिल सकता है।

## मंगल गोचर 2025,मीन राशि बुद्धिमत्ता से पूरे करेंगे काम

मीन राशिवालों के लिए मंगल का गोचर उनके भाग्य भाव में होने जा रहा है। ऐसे में मंगल का यह गोचर आपको मिलेजुले परिणाम देने वाला रहेगा राशि स्वामी बृहस्पति की दृष्टि होने के कारण आप अपनी सभी काम पूरी बुद्धिमत्ता के साथ पूरे करेंगे। अपने काम से आपको अच्छा फायदा मिल सकता है। आपको सलाह है कि अपने अनुभव का इस्तेमाल लाभ पाने के लिए करें। इस अवधि में आपको भाग्य का स्पोर्ट वैसे ही मिलता रहेगा जैसे पहले मिलता था। आपको सलाह है कि किसी विवाद में न पड़ें। अगर आपको कमर से संबंधित कोई परेशानी है तो उसे नजरअंदाज भूलकर भी न करें।



# क्या कहते आपके सितारे




**मेष** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप अपने डेली रूटीन में कोई बदलाव न करें, क्योंकि परिवार में संपत्ति को लेकर कोई वाद-विवाद की स्थिति खड़ी हो सकती है। पिताजी का कोई पुराना रोग उभरने से आपको भागदौड़ भी अधिक रहेगी। आपकी कोई प्रिय वस्तु यदि खो गई थी, तो उसके आपको मिलने की पूरी संभावना है। आप अपने मित्रों के साथ कुछ समय मौज-मस्ती करने में व्यतीत करेंगे।




**वृषभ** आज का दिन आपके लिए धैर्य और साहस से काम लेने के लिए रहेगा। आप सबको साथ लेकर चलने की कोशिश में लगे रहेंगे। पार्टनरशिप में आप कोई काम ना करें। आप अपने कामों को तेजी से निपटाने की कोशिश में लगे रहेंगे। आपका निर्णय लेने की क्षमता भी बेहतर रहेगी। आप अपने घर के कामों में भी कोई बदलाव कर सकते हैं। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है।




**मिथुन** आज का दिन आपके लिए मेहनत और लगन से काम करने के लिए रहेगा। आपको अपनी सेहत पर भी पूरा ध्यान देना होगा। आप किसी वाद-विवाद में ना पड़ें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आर्थिक मामलों में आपको पूरी समझदारी दिखानी होगी। विद्यार्थी अपने ज्ञान को बढ़ाने का कोई मौका हाथ से जाने नहीं देंगे। वाहनों का प्रयोग आप थोड़ा सावधान रहकर करें, जो आपके लिए बेहतर रहने वाला है। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन




**कर्क** आज का दिन आपके लिए रचनात्मक कार्य से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा, लेकिन आपको अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखना होगा। जल्दबाजी में लिए गए निर्णय से बाद में आपको पछतावा हो सकता है। आपकी बिजनेस में भी कोई अटकी हुई डील फाइनल होगी, जो आपको थोड़ी टेंशन दे सकती है और किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं।




**सिंह** आज का दिन आपके लिए भौतिक सुख साधनों में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको आवेश में आकर कोई निर्णय लेने से बचना होगा। आपको अपने कामों को लेकर पूरी जिम्मेदारी से काम करना होगा। वरिष्ठ सदस्यों से आप काम को लेकर कोई सलाह दे सकते हैं। यदि आपने किसी को धन उधार दिया था, तो उसके भी आपको मिलने की पूरी संभावना है। आप किसी जरूरतमंद व्यक्ति के लिए कुछ धन का इंतजाम भी कर सकते हैं।




**कन्या** आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। सामाजिक कार्यक्रमों में आप बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। कारोबार को लेकर आपको किसी यात्रा पर भी जाना पड़ सकता है। आपका कुछ नए लोगों से मेलजोल बढ़ेगा। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को अपने कामों पर पूरा ध्यान देना होगा। जीवनसाथी से उनकी किसी बात को लेकर कहासुनी हो सकती है। आपके मन में प्रेम और सहयोग की भावना बनी रहेगी।




**तुला** आज का दिन आपके लिए परोपकार के कार्यों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आपके घर किसी अतिथि का आगमन हो सकता है। आपको अपने परिजनों पर भरोसा थोड़ा सोच समझकर करना होगा। कार्यक्षेत्र में आपके कुछ नए विरोधी उत्पन्न हो सकते हैं। बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को किसी अच्छी स्कीम का पता चल सकता है। आपकी कोई प्रिय वस्तु खो गई थी, तो उसके आपको मिलने की पूरी संभावना है।




**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए व्यवसाय के मामले में अच्छा रहने वाला है। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। आपको अपने खर्चों को लेकर बजट बनाकर चलना होगा। रचनात्मक कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी। आप अपने जीवन स्तर को सुधारने की कोशिश में लगे रहेंगे। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा। आप तरक्की की राह पर आगे बढ़ेंगे। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है।




**धनु** आज का दिन आपके लिए किसी वाद-विवाद से दूर रहने के लिए रहेगा और आप परिवार में किसी सदस्य पर कोई जिम्मेदारी ना डालें। आपको अपने कामों को लेकर सूझबूझ दिखाने की आवश्यकता है। छोटों की गलतियों को आपको बड़प्पन दिखाते हुए माफ करना होगा। आप अपने आवश्यक कामों को समय से निपटाने की कोशिश करें। वाहनों के प्रयोग से आपको सावधान रहना होगा। करीबियों को आपको पूरा साथ मिलेगा।




**मकर** आज का दिन आपके लिए सूझबूझ से काम करने के लिए रहेगा। आर्थिक दृष्टिकोण से दिन अच्छा रहने वाला है। आपकी कुछ नया करने की कोशिश रंग लाएगी। आपकी कला और कौशल में सुधार आएगा। भगवान के भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। धन को लेकर यदि आपका कोई काम रुका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है। आप छुटपुट लाभ के अवसरों को भी हाथ से जाने ना दें। आपके साहस व पराक्रम में वृद्धि होगी।





**कुंभ** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी वाणी के आकर्षण से लोग आपकी तरफ आकर्षित होंगे। राजनीति में कार्यरत लोगों को इसका अच्छा फायदा मिलेगा। रक्त संबंधी रिश्तों में मजबूती आएगी और माताजी से आप कुछ पारिवारिक मामलों को लेकर बातचीत कर सकते हैं। वरिष्ठ सदस्यों से आपकी खूब पटेगी। बिजनेस में आपकी दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी।





**मीन** आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपकी साख और सम्मान में वृद्धि होगी। कारोबार में आपको अच्छा उछाल देखने को मिलेगा और आपको कार्यक्षेत्र में कोई बड़ी उपलब्धि मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी और आपको कोई पुरस्कार भी मिल सकता है। आप किसी धार्मिक का आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं। यदि आप किसी नए काम की शुरुआत करेंगे, तो वह आपके लिए अच्छी रहेगी। जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य भरपूर मात्रा में मिलेगा।

G. KACHHOMAL
ALL KINDS OF SWEETS & SNACKS
WE ALSO ACCEPT PARTY ORDERS
Raju K.Panjwani - 2531293, 3211365
Rakesh K. Panjwani - 9890359000
Shop No. 132, Opp. Mat Mandir, Ulhasnagar-5.

SHREE Rajaveer FOOD PRODUCTS
T.S.Chandwani
Specialist In :-
Bread, Cake & Biscuits
Fact.: Amar Dye Rd., Near Shahad Cabin, Ulhasnagar-1. Tel. 2546079
Office : Baba Sai Nagar, Block A252/504, Ulhasnagar-4. Tel. 2527034


Hotel Ambrosia
Dayanand Shetty
2713001, 2712002, 2712003, 2564257
Opp. Vithalwadi Rly, Station (W), Ulhasnagar-421003.

Hotel VEEJAYS
Lodging and Boarding
24 Hours Room service available
Ulhasnagar Station Road, Burner Galli, Sukhdev Compound, Ulhasnagar-3
Tel. : 02512570009
Mob. : 07083880259

LIVE IN LAP OF LUXURY

RAMDEVI TOWER
MAHARERA- P51700076849
1BHK & 2BHK & COMMERCIAL SHOPS AVAILABLE
Contact:
7770003478
7770003479
Gmail: ramdevitower2024@gmail.com
SITE ADDRESS :
B. K No- 1150,
ROOM NO. 3,4,5,6
POWAI CHOWK,
ULHASNAGAR - 421003.
DIST- THANE

प्रकाशक, मुद्रक, मालिक संपादक श्री टीकम (टोनी) जे. लालवानी ने जय श्रीकृष्णा प्रिंटिंग प्रेस से छपवाकर मातोश्री मोहिनी बाई पैलेस, बैरक नंबर 427, रूम नंबर 15, निरंकारी हॉल के पीछे, उल्हासनगर-421001, जिला ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया।
RNI No. 68359/93,
( सभी प्रसंगों का न्याय क्षेत्र उल्हासनगर रहेगा )

दैनिक 'धनुषधारी' में छपने वाली विज्ञापनों की सत्यतता की जिम्मेदारी हमारी अखबार प्रबंधन की नही है। विज्ञापन में छपने वाले उत्पाद खरीदने, बेचने या किसी भी व्यवसाय या नौकरी लेने-या देने की जिम्मेदारी पाठक की खुद की रहेगी। -प्रबंधन।

Makhija Construction
25 YEARS Experience
BUILDING QUALITY TRUST
✦ Email : makhijaconstruction@gmail.com, makhijaconstruction@hotmail.com
✦ Hollywood Apartment, Shop No. 2 & 3, Opp., ICICI Bank, Near Chopra Court, Ulhasnagar-3 Ph.0251-2563555

### ठाकरे गुट ने राज्य चुनाव आयोग से की मांग

## स्थानीय निकाय चुनावों के लिए पूरी मतदाता सूची का इस्तेमाल करें

मुंबई (नि.स.)। शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी के सांसद अनिल देसाई ने राज्य चुनाव आयोग से स्थानीय निकाय चुनावों के लिए एक संपूर्ण मतदाता सूची के इस्तेमाल की मांग की है। राज्य में आगामी स्थानीय निकाय चुनावों के मद्देनजर राज्य चुनाव आयोग ने घोषणा की है कि 1 जुलाई, 2025 के विधानसभा चुनावों के लिए केंद्रीय चुनाव आयोग की मतदाता सूची को आधार बनाया जाएगा और उसी के अनुसार चुनाव कराए जाएँगे।

आपको बता दें कि केंद्रीय चुनाव आयोग ने 2024 के विधानसभा चुनाव और 1 जुलाई 2025 के बीच राज्य में मतदाता सूची में वृद्धि के संबंध में राजनीतिक दलों या नागरिकों से कोई आपत्ति या सुझाव नहीं मांगा है। इसलिए, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) सांसद, शिवसेना नेता और सचिव अनिल देसाई ने स्थानीय निकाय चुनावों में इस कानूनी रूप से अपूर्ण मतदाता सूची के उपयोग का कड़ा विरोध किया और मांग की कि उक्त सूची में सुधार के संबंध में राजनीतिक दलों को मुद्रित मतदाता सूची का प्रारूप उपलब्ध कराया जाए और समाचार पत्रों, सोशल मीडिया और टेलीविजन आदि में नागरिकों के लिए विज्ञापन देकर और उसके माध्यम से सुझाव और आपत्तियां मांगकर मतदाता सूची पूरी होने के बाद ही स्थानीय निकाय चुनावों में मतदाता सूची का उपयोग किया जाए। यह मांग राज्य चुनाव आयोग के अध्यक्ष, राज्य चुनाव आयुक्त दिनेश वाघमारे के साथ एक बैठक में की गई। इस बैठक में 1 जुलाई 2025 की आधार तिथि के बाद बढ़े मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया में शामिल करने और स्थानीय निकाय चुनावों में ईवीएम के साथ वीवीपैट के इस्तेमाल पर भी चर्चा हुई।

राज्य चुनाव आयुक्त दिनेश वाघमारे ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि वह इन सभी आपत्तियों पर केंद्रीय चुनाव आयोग से चर्चा करेंगे और उचित निर्णय लेंगे। बैठक में राज्य चुनाव आयोग के अतिरिक्त आयुक्त सुरेश काकानी, शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी के उप सचिव प्रवीण महाले, उप सचिव सचिन परसनाईक और दिनेश बोभाटे उपस्थित थे। राज्य चुनाव आयोग के अध्यक्ष राज्य चुनाव आयुक्त दिनेश वाघमारे से मांग की गई कि मतदाता सूची पूरी होने के बाद ही स्थानीय निकाय चुनावों में इस मतदाता सूची का इस्तेमाल किया जाए।

## लडली बहन योजना : ई-केवाईसी प्रक्रिया को और भी सरल और सुगम बनाया जाएगा -मंत्री अदिति तटकरे

लाभार्थियों के पति या पिता का भी ई-केवाईसी किया जाएगा




मुंबई (नि.स.)। महाराष्ट्र सरकार ने लाडली बहन योजना के लाभार्थियों के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य कर दिया गया है। अब लाडली बहन योजना की सभी महिला लाभार्थियों को ई केवाईसी करानी होगी। इसके लिए दो महीने का समय दिया गया है। कई महिलाओं ने ई-केवाईसी कर लिया है। लेकिन कई महिलाओं को ई-केवाईसी करने में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। महिलाएं ओटीपी या तकनीकी कारणों से ई-केवाईसी नहीं कर पा रही हैं। अब मंत्री अदिति तटकरे इसके लिए एक समाधान लेकर आई हैं।

महिला और बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे ने लाडली बहन योजना के लाभार्थियों के लिए बिना किसी कठिनाई के ई- केवाईसी करने का समाधान निकाला है। उन्होंने सोशल मीडिया पर इस बारे में जानकारी दी है। उन्होंने अपने पोस्ट में कहा है कि, यह पता चला है कि मुख्यमंत्री लाडली बहन योजना का ई-केवाईसी करते समय ओटीपी को लेकर कुछ तकनीकी समस्याएं हैं। इस पर महिला और बाल विकास विभाग ने ध्यान दिया है मैं सभी लडली बहन योजना लाभार्थियों को आश्वस्त करती हूँ कि इस तकनीकी समस्या का जल्द ही समाधान कर लिया जाएगा और ई-केवाईसी प्रक्रिया को और भी सरल और सुगम बना दिया जाएगा। इसलिए, अब लडली बहन योजना लाभार्थियों को ई-केवाईसी करते समय ओटीपी या तकनीकी समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस संबंध में जल्द ही समाधान निकाला जाएगा।

वहीं लडली बहन योजना के ई-केवाईसी के संबंध में एक और महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। लाडली बहन योजना के लाभार्थियों के पति या पिता का भी ई-केवाईसी किया जाएगा। इससे महिलाओं के परिवार की आय की जानकारी मिल सकेगी। दरअसल इस योजना के लाभार्थियों की पारिवारिक आय 2.5 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए।

## आयात-निर्यात लेनदेन के लिए अब डिजिटल बांड उपलब्ध

मुंबई (नि.स.)। महाराष्ट्र के व्यापार और उद्योग जगत को बड़ी राहत देते हुए, राज्य सरकार ने आयात-निर्यात कारोबार में पारंपरिक कागजी बॉन्ड को बंद करके उसकी जगह 'ई-बॉन्ड' प्रणाली लागू करने का ऐतिहासिक फैसला लिया है। राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा, 'यह कदम महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगा और लेन-देन को सुगम बनाने की प्रक्रिया को गति देगा।' चंद्रशेखर बावनकुले ने बताया कि महाराष्ट्र ई-बॉन्ड लागू करने वाला देश का सोलहवाँ राज्य है और आयात-निर्यात लेनदेन के लिए इस्तेमाल होने वाले स्टाम्प पेपर को आज से बंद कर दिया गया है।

मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा, 'वर्तमान में आयात-निर्यात कारोबार के लिए हर महीने लगभग तीन से चार हज़ार बॉन्ड जारी किए जाते हैं, यानी सालाना चालीस हज़ार से ज़्यादा बॉन्ड स्वीकार किए जाते हैं। अब ई-बॉन्ड इन सभी बड़े लेन-देन में क्रांति ला देंगे। हालाँकि यह प्रक्रिया पहली नज़र में छोटी लग सकती है, लेकिन यह महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित होगी।' इस बीच, पंजीयन एवं स्टाम्प महानिरीक्षक रवींद्र बिनवड़े ने मंत्रालय में आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम में ई-बॉन्ड प्रणाली और इससे राज्य की अर्थव्यवस्था को होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर वित्त राज्य मंत्री आशीष जायसवाल, राजस्व विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विकास खड़गे, न्हावाशेवा बंदरगाह आयुक्त विजय ऋषि आदि उपस्थित थे।

**ई-बॉन्ड के प्रमुख लाभ**

**■ लेनदेन में आसानी**

आयात-निर्यात पेशेवरों को अब महाराष्ट्र के सभी सीमा शुल्क कार्यालयों से ई-बॉन्ड आसानी से प्राप्त होंगे। बॉन्ड प्राप्त करने की प्रक्रिया बेहद आसान और तेज़ होगी।

**■ कागज़ और पर्यावरण संरक्षण**

अब तक इस्तेमाल होने वाले पाँच सौ रुपये के स्टाम्प पेपर अब बंद हो जाएँगे। चूँकि इनकी जगह डिजिटल बॉन्ड का इस्तेमाल होगा, इसलिए बड़ी मात्रा में कागज़ की बचत होगी, जिससे पर्यावरण की भी रक्षा होगी।

**■ वित्तीय लेनदेन में पारदर्शिता**

ई-बॉन्ड न केवल लेनदेन को आसान बनाएंगे, बल्कि पारदर्शिता भी बढ़ाएंगे, और राजस्व रिसाव को रोकने और सरकारी खजाने को बढ़ाने में भी मदद करेंगे। डिजिटल मीडिया का उपयोग करके प्रशासन को आधुनिक बनाने के राज्य सरकार के इस निर्णय से निश्चित रूप से महाराष्ट्र को व्यापार सुगमता सूचकांक में रैंकिंग में ऊपर आने में मदद मिलेगी।

## चुनाव से पहले मुंबई महानगरपालिका में फेरबदल चार नए सहायक आयुक्त नियुक्त, 5 के तबादले

मुंबई (नि.स.)। सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार, मुंबई महानगरपालिका सहित राज्य के विभिन्न स्थानीय निकायों की चुनाव प्रक्रिया 31 जनवरी से पहले पूरी करनी है। प्रशासन और राज्य चुनाव आयोग द्वारा स्थानीय निकायों के चुनाव की तैयारियाँ की जा रही हैं। इस बीच, मुंबई महानगरपालिका में सहायक आयुक्त संवर्ग के रिक्त पदों हेतु परीक्षा के पश्चात महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग द्वारा अनुशंसित चार सहायक आयुक्तों की पदस्थापना के आदेश शुक्रवार को महानगरपालिका आयुक्त/प्रशासक भूषण गगरानी के आदेशानुसार जारी कर दिए गए हैं।

क) महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग द्वारा चयन द्वारा सहायक आयुक्तों की पदस्थापना के संबंध में चार आदेश इस प्रकार हैं।

1) संतोष गोरख सालुंखे- सहायक आयुक्त, सी विभाग, 2) वृषाली पांडुरंग इंगुले- सहायक आयुक्त, एफ दक्षिण विभाग, 3) योगेश रंजीतराव देसाई- सहायक आयुक्त, बी विभाग, 4) आरती भगवान गोलेकर- सहायक आयुक्त, आर दक्षिण विभाग,

बी) सहायक आयुक्त संवर्ग में स्थानांतरण संबंधी आदेश इस प्रकार हैं।

1) नितिन शुक्ला, सहायक आयुक्त (बी विभाग) और सहायक आयुक्त के पूर्व (अतिरिक्त प्रभार)- सहायक आयुक्त (के पूर्व विभाग), 2) संजय इंगले, सहायक आयुक्त (सी विभाग)- नगर अभियंता विभाग में स्थानांतरित, 3) महेश पाटिल, सहायक आयुक्त, एफ दक्षिण विभाग- सहायक आयुक्त, एस विभाग, 4) अलका ससाणे, सहायक आयुक्त, एस विभाग- सहायक आयुक्त, बाजार विभाग, 5) मनीष साल्वे, सहायक आयुक्त, आर दक्षिण विभाग- नगर अभियंता विभाग में स्थानांतरित.

इस बीच, महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग द्वारा मुंबई मनपा में सहायक आयुक्त संवर्ग के लिए कुल 14 उम्मीदवारों की सिफारिश की गई थी। इनमें से छह अभ्यर्थियों को सहायक आयुक्त के पद पर पहले ही पदस्थ किया जा चुका है। शुक्रवार को चार और सहायक आयुक्तों की पदस्थापना की गई है। शेष चार अभ्यर्थियों में से एक को अभी तक पिछले संगठन से कार्यमुक्त नहीं किया गया है। जबकि एक अभ्यर्थी मातृत्व अवकाश पर हैं। साथ ही, दो अभ्यर्थी वर्तमान में विभागीय संबद्धता प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। विभागीय संबद्धता प्रशिक्षण पूर्ण करने के पश्चात् उन्हें सहायक आयुक्त के पद पर पदस्थ किया जाएगा। सहायक आयुक्त जैसे महत्वपूर्ण पद को लंबे समय तक रिक्त रखना संभव नहीं है। अत: प्रशासनिक तात्कालिकता एवं निर्णयानुसार सहायक आयुक्त के वर्तमान रिक्त पद का प्रभार उप मुख्य अभियंता कार्यपालक अभियंता संवर्ग के अधिकारियों को सौंपा गया है।

## भिवंडी में धर्मांतरण का प्रयास विफल अमेरिकी नागरिक सहित तीन गिरफ्तार



भिवंडी (नि.सं.)। ठाणे एवं पालघर जिलों की छोटी-छोटी बस्तियों में रहने वाले आदिवासी खेतिहर मजदूरों की अज्ञानता, अशिक्षा एवं गरीबी का अनुचित लाभ उठाते हुए उन्हें धर्मांतरण के जाल में फंसाने के मामले दिनों-दिन बढ़ते जा रहे हैं। इसी बीच भिवंडी तालुका के भुईशेत चिंबीपाड़ा में हिंदुत्ववादी संगठनों की पहल पर धर्मांतरण का एक प्रयास विफल कर दिया गया है, जहां पैसे का लालच देकर धर्मांतरण का प्रयास किया जा रहा था. इस संबंध में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, जिसमें एक अमेरिकी नागरिक भी शामिल है। पुलिस ने धर्मांतरण का प्रयास कराने वाले तीनों लोगों को न्यायालय में हाजिर किया. न्यायालय ने जिन्हें आठ अक्टूबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार भिवंडी-पारोल रोड पर स्थित भुईशेत गांव में मनोज कोल्हा के घर के सामने खुली जगह पर यीशु मसीह की प्रार्थना का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। गांव की महिलाओं, पुरुषों और बच्चों को प्रार्थना के लिए इकट्ठा करके वहां आए साईनाथ गणपती सरपे (42) गोखीवरे, वसई, अमेरिका के मूल निवासी जेम्स वॉटसन (58) वर्तमान निवासी हीरानंदानी एस्टेट, ठाणे (प) एवं मनोज कोल्हा ने अपने साथ लाई किताबें पढ़कर यीशु मसीह की प्रार्थना के साथ-साथ ईसाई धर्म का प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने हिंदू धर्म की आलोचना करते हुए कहा कि ईसाई धर्म अपनाने पर सुख-समृद्धि मिलेगी। इस तरह धर्म परिवर्तन का काम करते हुए उन्होंने वहां मौजूद छोटी लड़कियों के माथे पर हाथ रखकर दैवीय शक्ति का उपयोग करके उनका उपचार करने का नाटक किया।

स्थानीय नागरिक रविनाथ सावजी भुरकुट ने यह जानकारी हिंदुत्ववादी संगठन के लिए काम करने वाले बजरंग दल के संदीप भगत और दादा गोसावी को दी। उन्होंने घटनास्थल पर पहुंचकर प्रत्यक्ष रूप से देखने के बाद भिवंडी तालुका पुलिस स्टेशन को इसकी सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल से साईनाथ सरपे, जेम्स वॉटसन एवं मनोज कोल्हा को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में पता चला कि जेम्स वॉटसन अमेरिकी देश का नागरिक है, जो शुरू में 2016 में टूरिस्ट वीजा पर भारत आया और बाद में व्यावसायिक वीजा लेकर भारत में ही रह रहा है। संदीप भगत ने आरोप लगाया है कि जेम्स वॉटसन भारत में कोई व्यवसाय न करते हुए केवल ठाणे और पालघर जिलों में धर्मांतरण का काम कर रहा है और इस धर्मांतरण रैकेट का मुख्य सरगना है। दादा गोसावी एवं अशोक जैन ने बताया कि समय रहते हिन्दूवादी संगठन के लोग पहुंच गए, नहीं तो आसपास के लोगों सहित कुल 40 से 45 लोगों का धर्मांतरण करा दिया जाता। भिवंडी तालुका पुलिस स्टेशन में रविनाथ भुरकुट की शिकायत पर साईनाथ सरपे, जेम्स वॉटसन, और मनोज कोल्हा के विरुद्ध महाराष्ट्र नरबलि और अन्य अमानवीय, अनिष्ट और अघोरी प्रथाओं और जादू-टोना को प्रतिबंधित करने और उनका पूर्ण रूप से उन्मूलन करने का अधिनियम तथा विदेशी व्यक्ति अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।

## कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका की अंतिम प्रभाग संरचना जारी

कल्याण (नि.स.)। कल्याण-डोंबिवली मनपा (केडीएमसी) के आम चुनावों के लिए अंतिम प्रभाग संरचना जारी कर दी गई। इस घोषणा के साथ ही मतदाता सूचियों की तैयारी और प्रभाग आरक्षण कार्यक्रम को जल्द ही अंतिम रूप दे दिया जाएगा, यह जानकारी मनपा के उपायुक्त रमेश मिसाल ने दी। उन्होंने कहा कि, अंतिम प्रभाग संरचना केडीएमसी की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित कर दी गई है। इसके अतिरिक्त, यह संरचना मनपा मुख्यालय, सभी विभागीय कार्यालयों और 10 प्रभाग कार्यालयों में नागरिकों की जानकारी के लिए मानचित्र के रूप में उपलब्ध कराई जाएगी।

आपको बता दें कि मनपा आम चुनावों के लिए प्रभाग संरचना का मसौदा 22 अगस्त को जारी किया गया था। मसौदा संरचना जारी होने के बाद, नागरिकों से आपत्तियाँ और सुझाव मांगे गए, जिसमें कुल 264 आपत्तियाँ और सुझाव प्राप्त हुए। प्राप्त आपत्तियों और सुझावों पर 11 सितंबर को प्राधिकृत अधिकारियों की उपस्थिति में सुनवाई हुई। इस सुनवाई के बाद, अधिकृत अधिकारियों ने अपनी रिपोर्ट राज्य चुनाव आयोग को सौंप दी थी। चुनाव आयोग द्वारा इस रिपोर्ट के अनुसार अंतिम प्रभाग संरचना को मंजूरी देने के बाद, केडीएमसी ने अब यह संरचना जारी की है। उपायुक्त मिसाल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, कुल 264 आपत्तियों में से 214 प्रभाग की सीमाओं से संबंधित थीं। इनमें से 4 आपत्तियाँ आंशिक रूप से स्वीकार की गई हैं। 4 आपत्तियाँ कार्यक्षेत्र से संबंधित थीं, जिन्हें पूर्ण रूप से स्वीकार कर लिया गया है। शेष 46 आपत्तियाँ प्रभाग संरचना से संबंधित नहीं थीं। अंतिम प्रभाग संरचना के प्रकाशन के साथ, अब चुनाव का अगला चरण शुरू होगा और मतदाता सूची तथा प्रभाग आरक्षण तैयार करने का विस्तृत कार्यक्रम जल्द ही घोषित किया जाएगा।

## ताला लगाकर गरबा खेलने गये सिक्योरिटी गार्ड की चाकू मारकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

नवी मुंबई (नि.सं.)। उलवे सेक्टर 25ए स्थित के वैकुंठ बिल्डिंग में शुक्रवार देर रात गरबा खेलने जाने को लेकर हुए मामूली विवाद ने खूनी रूप ले लिया. इसी विवाद में बिल्डिंग के सिक्योरिटी गार्ड की चाकू मारकर हत्या कर दी गई. इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या के आरोपी एस्टेट एजेंट को घटना के कुछ ही घंटों बाद पनवेल से गिरफ्तार कर लिया है।

घटना शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात करीब 1 बजे की है. बिल्डिंग में सिक्योरिटी गार्ड के तौर पर काम करने वाले मृतक उदय केहरि साउद (26) की एस्टेट एजेंट आरोपी ऋषिकेश रामदास रांजने (27) से जोरदार बहस हुई. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, उदय साउद नवरात्रि के दौरान रोज गरबा खेलने के लिए सोसाइटी के गेट पर ताला लगाकर चला जाता था और देर से लौटता था. इस वजह से बिल्डिंग के निवासियों को इंतजार करना पड़ता था. इसी बात से नाराज होकर शुक्रवार रात को दोनों में बहस शुरू हो गई. बहस के दौरान मृतक उदय ने कथित तौर पर ताले से आरोपी ऋषिकेश के सिर पर हमला कर दिया. इस हमले के जवाब में आरोपी ऋषिकेश ने अपने पास रखे चाकू से उदय के पेट में वार कर दिया. हमला करने के बाद, आरोपी ऋषिकेश मृतक का मोबाइल लेकर मौके से फरार हो गया।

घटना की जानकारी मिलते ही उलवे पुलिस स्टेशन की टीम तुरंत एक्शन में आ गई. वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अर्जुन रजाने के मार्गदर्शन में पीएसआई शेलके और उनकी टीम ने गुप्तचरों से जानकारी इकट्ठा की और तकनीकी सहायता का उपयोग करते हुए फरार आरोपी की तलाश शुरू की. पुलिस ने भागने की तैयारी में जुटे आरोपी ऋषिकेश रामदास रांजने को शनिवार सुबह करीब 6 बजे पनवेल से गिरफ्तार कर लिया. आरोपी के खिलाफ हत्या और अन्य संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है।

### आम सूचना

इस आम सूचना के माध्यम से मैं सचिन चंद्रशेखर कारलेकर व मेघना सचिन कारलेकर आम जनता को सूचित करना चाहते हैं कि हमने श्री किशीनचंद मूलचंद कुकरेजा व रेणू किशीनचंद कुकरेजा से उनकी मालकी वाली प्रापर्टी का सौदा नोटरी सेल एग्रीमेंट दिनांक 9/4/2025 के माध्यम से किया है। प्रापर्टी का विवरण है:- शॉप नंबर 1, ग्राउंड फ्लोर, ओम साई राम अपार्टमेंट, रूम नंबर 1848, ब्लॉक सी-924, रूम नंबर 1849, ब्लॉक सी-925, उल्हासनगर-5, उल्हासनगर मनपा के टैक्स विभाग में प्रापर्टी नंबर 39डीओ013400600 है।

उक्त प्रापर्टी को मैं सचिन चंद्रशेखर कारलेकर व मेघना सचिन कारलेकर अपने नाम पर करवाने हेतु उल्हासनगर मनपा के टैक्स विभाग में अर्ज करने जा रहे हैं। अत: इस प्रापर्टी के संदर्भ में यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को किसी भी प्रकार का कोई भी लेना-देना हो या वाद-विवाद हो तो वे इस आम सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिनों के भीतर उल्हासनगर मनपा के टैक्स विभाग के उपायुक्त से संबंधित कागजातों के साथ लिखित में संपर्क करें। 7 दिनों बाद आये किसी भी ऐतराज को मान्य नहीं किया जायेगा और चेंज ऑफनेम की यह प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी।

**सही:- सचिन चंद्रशेखर कारलेकर, मेघना सचिन कारलेकर।** (P)

## लोकल ट्रेन से गिरने से सुरक्षा बल के जवान की मौत

मुंबई (नि.स.)। मुंबई की लोकल ट्रेनों में भीड़ हर दिन अपने चरम पर पहुँच रही है। सुबह के समय लोकल ट्रेन में खड़े होने की भी जगह नहीं होती। समय पर काम और घर जाने के लिए लोगों की भीड़ होती है। इस दौरान कई लोग लोकल ट्रेन के दरवाजे पर खड़े हो जाते हैं। फिर, भीड़ में जगह न मिलने पर अक्सर बहस भी होती है। लेकिन यह बहस एक सिपाही की जान पर बन आई। खबर है कि महाराष्ट्र सुरक्षा बल के एक जवान की भीड़ के कारण चलती लोकल ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। मृतक जवान का नाम गणेश जगदाले (31) है और वह दहिसर पुलिस स्टेशन में कार्यरत थे।

मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे उन्होंने अपनी ड्यूटी पूरी की थी और दहिसर स्टेशन से नायगांव जाने वाली लोकल ट्रेन में सवार हुए थे। लेकिन भारी भीड़ के कारण, जब वह दरवाजे के पास खड़े थे, मलाड और गोरेगांव के बीच धक्का मुक्की हुई और वे चलती लोकल ट्रेन से नीचे पटरी पर गिर गए। इस घटना में उन्हें गंभीर चोटें आई और उन्हें कांदिवली के शताब्दी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बोरीवली रेलवे पुलिस स्टेशन में इस दुर्घटना को आकस्मिक मृत्यु के रूप में दर्ज किया गया है। बताया गया है कि मृतक जवान गणेश जगदाले इससे पहले गोरेगांव पूर्व के वनराई पुलिस स्टेशन में कार्यरत थे। तबादले के बाद उन्होंने दहिसर पुलिस स्टेशन जॉइन कर लिया। दहिसर पुलिस स्टेशन में सिर्फ एक दिन सेवा देने के बाद शुक्रवार सुबह यह दुर्घटना हुई। बहरहाल मुंबई में भीड़भाड़ के दौरान लोकल ट्रेनों से गिरकर मरने वाले यात्रियों की संख्या में लगातार वृद्धि के साथ, रेलवे सुरक्षा पर एक बार फिर सवालिया निशान लग गया है।

## बलात्कार के बाद गर्भवती हुई नाबालिग, मामला दर्ज

नवी मुंबई (नि.सं.)। तलोजा पुलिस स्टेशन में एक सनसनीखेज मामला दर्ज हुआ है, जिसमें एक व्यक्ति पर एक नाबालिग लड़की का कथित रूप से बलात्कार करने और उसे गर्भवती करने का आरोप है. पुलिस द्वारा दी गई जानकारी अनुसार अंबरनाथ का रहनेवाले आरोपी मयुर देविदास भोईर पीड़िता नाबालिग को बहला-फुसलाकर तलोजा घुमाने ले गया था. वह पीड़िता को अपनी मोटर साइकिल पर तलोजा के घोटगाव स्थित अपनी बहन के घर ले जाकर पीड़िता के नाबालिग होने की जानकारी होने के बावजूद, आरोपी ने उसकी इच्छा के विरुद्ध 12 फरवरी और 20 फरवरी को दो बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए. इन कृत्यों के परिणामस्वरूप पीड़िता गर्भवती हुई और उसने एक बेटी को जन्म दिया. ।

## मुंबई हवाई अड्डे पर दो महिलाओं से 79 करोड़ रुपये की कोकीन जब्त

मुंबई (नि.स.)। मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर डीआरआई ने एक बड़े ड्रग तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ किया है। मिली जानकारी के अनुसार, मुंबई के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 79 करोड़ रुपये की कोकीन जब्त की गई है। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। बताया गया है कि डीआरआई मुंबई की विभागीय इकाई ने बैंकॉक से मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंची दो महिला यात्रियों से अवैध रूप से तस्करी कर लाई गई 7.95 किलोग्राम कोकीन जब्त की है। जिसका अंतरराष्ट्रीय बाजार मूल्य लगभग 79.5 करोड़ रुपये है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बैंकॉक से मुंबई पहुंची दो महिला यात्रियों को डीआरआई अधिकारियों ने खुफ़िया जानकारी के बाद हवाई अड्डे पर रोक लिया। उनके सामान की जांच के दौरान खिलौनों के एक पैकेट में छिपाकर रखा गया प्रतिबंधित पदार्थ जब्त किया गया। खिलौनों के एक डिब्बे में सफेद पाउडर के ईंट के आकार के 22 पैकेट छिपाए गए थे। इन सभी पैकेटों को जब्त कर लिया गया और मौके पर ही प्रारंभिक जांच की गई। एनडीपीएस फील्ड किट से की गई जांच में पुष्टि हुई कि वह पदार्थ कोकीन है। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों महिलाओं को एनडीपीएस एक्ट, 1985 के तहत गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों महिलाओं को कोर्ट में पेश करने पर कोर्ट ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया। डीआरआई मामले की आगे की जांच कर रही है और जांच एजेंसी को शक है कि एक बड़ा तस्करी रैकेट चल रहा है। शुरुआती जांच में पता चला है कि यह मामला अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करों के एक गिरोह से जुड़ा है। कस्टम अधिकारियों को गिरफ्तार आरोपियों की मोबाइल जानकारी में कई सबूत मिले हैं। इसमें कुछ विदेशी नागरिक भी शामिल हैं और इस पूरे गिरोह की तलाश जारी है। दक्षिण अमेरिका से विभिन्न मार्गों के माध्यम से दुनिया भर में ड्रग्स वितरित किए जाते हैं।

### आम सूचना

इस आम सूचना के माध्यम से मैं राजदेव नगिना प्रसाद गुप्ता आम जनता को सूचित करना चाहता हूँ कि मैंने श्रीमती हेमा संदिप अडगले से उनकी मालकी वाली प्रापर्टी का सौदा नोटरी सेल एग्रीमेंट दिनांक 21/3/2025 के माध्यम से किया है। प्रापर्टी का विवरण है:- रूम, बैरक नंबर 1092 के पीछे, उल्हासनगर-3, उल्हासनगर मनपा के टैक्स विभाग में प्रापर्टी नंबर 38बीओ007049600 है।

उक्त प्रापर्टी को मैं राजदेव नगिना प्रसाद गुप्ता अपने नाम पर करवाने हेतु उल्हासनगर मनपा के टैक्स विभाग में अर्ज करने जा रहा हूँ। अत: इस प्रापर्टी के संदर्भ में यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को किसी भी प्रकार का कोई भी लेना-देना हो या वाद-विवाद हो तो वे इस आम सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिनों के भीतर उल्हासनगर मनपा के टैक्स विभाग के उपायुक्त से संबंधित कागजातों के साथ लिखित में संपर्क करें। 7 दिनों बाद आये किसी भी ऐतराज को मान्य नहीं किया जायेगा और चेंज ऑफनेम की यह प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी।

**सही:- राजदेव नगिना प्रसाद गुप्ता।** (P)

### आम सूचना

इस आम सूचना के माध्यम से मैं वैशाली रविन्द्र कानेटकर आम जनता को सूचित करना चाहती हूँ कि मैंने श्री शंकर आनन्द कान्तीकर से उनकी मालकी वाली प्रापर्टी का सौदा नोटरी से एग्रीमेंट दिनांक 1/10/2025 के माध्यम से किया है। प्रापर्टी का विवरण है:- रूम, हनुमान टेकड़ी के पास, लालचक्की-स्टेशन रोड, उल्हासनगर-4 तथा जिसका उल्हासनगर मनपा के टैक्स विभाग में प्रापर्टी नंबर 40सीओ008958900 है।

उक्त प्रापर्टी को मैं वैशाली रविन्द्र कानेटकर अपने नाम पर करवाने हेतु उल्हासनगर मनपा के टैक्स विभाग में अर्ज करने जा रही हूँ। अत: इस प्रापर्टी के संदर्भ में यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को किसी भी प्रकार का कोई भी लेना-देना हो या वाद-विवाद हो तो वे इस आम सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिनों के भीतर उल्हासनगर मनपा के टैक्स विभाग के उपायुक्त से संबंधित कागजातों के साथ लिखित में संपर्क करें। 7 दिनों बाद आये किसी भी ऐतराज को मान्य नहीं किया जायेगा और चेंज ऑफनेम की यह प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी।

**सही:- वैशाली रविन्द्र कानेटकर।** (P)

### आम सूचना

इस आम सूचना के माध्यम से मैं भाविका राजेश भागवानी आम जनता को सूचित करना चाहती हूँ कि श्रीमती कविता श्यामलाल खेमाणी ने अपनी मालकी वाली प्रापर्टी का हक्क-वास्ता मुझे नोटरी गिफ्ट डीड दिनांक 4/10/2025 के माध्यम से सौंपा है। प्रापर्टी का विवरण है:- फ्लेट 503, 5वा माला, मेनका टॉवर, रूम नंबर 20,21,22,23 व 24, ब्लॉक नंबर सी-4, उल्हासनगर-5, उल्हासनगर मनपा के टैक्स विभाग में प्रापर्टी नंबर 52डीआई011330600 है।

उक्त प्रापर्टी को मैं भाविका राजेश भागवानी अपने नाम पर करवाने हेतु उल्हासनगर मनपा के टैक्स विभाग में अर्ज करने जा रही हूँ। अत: इस प्रापर्टी के संदर्भ में यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को किसी भी प्रकार का कोई भी लेना-देना हो या वाद-विवाद हो तो वे इस आम सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिनों के भीतर उल्हासनगर मनपा के टैक्स विभाग के उपायुक्त से संबंधित कागजातों के साथ लिखित में संपर्क करें। 7 दिनों बाद आये किसी भी ऐतराज को मान्य नहीं किया जायेगा और चेंज ऑफनेम की यह प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी।

**सही:- भाविका राजेश भागवानी।** (P)